# जनपद इलाहाबाद भ्रमण रिपोर्ट

डा० आनंद अग्रवाल, उप महाप्रबंधक आर०के०एस०के० द्वारा दिनांक 17 एवं 18 अगस्त 2017 को भारत सरकार की पर्यवेक्षक सुश्री शिखा यादव के साथ जनपद इलाहाबाद में NDD के मॉप अप चरण एवं कार्यक्रम की समीक्षा एवं अनुश्रवण किया गया| भ्रमण में जनपदीय नोडल अधिकारी, आर०के०एस०के० कोऑर्डिनेटर द्वारा पूर्ण सहयोग एवं समय दिया गया|

भ्रमण की विस्तृत रिपोर्ट इस प्रकार है:-

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस : मॉप अप चरण: ब्लाक सौरांव :-



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मॉप अप चरण के अनुश्रवण के लिए प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदरी ब्लाक सौरांव तथा आंगनवाड़ी केंद्र भदरी I एवं II का भ्रमण किया गया| दोनों विद्यालयों में कार्यक्रम का संचालन दिशा निर्देशों के अनुसार संतोषजनक पाया गया| (चेक लिस्ट सलंग्न)| आंगनवाड़ी केंद्र भदरी द्वितीय में आशा का सहयोग कार्यक्रम में नहीं था| स्कूल न जाने वाली किशोरियों की सूची उसके द्वारा नहीं बनाई गई थी| केंद्र पर लाभार्थियों की संख्या पंजीकृत के सापेक्ष बहुत ही कम पाई गई|

## विफ्स कार्यक्रम- ब्लाक सौरांव :-

पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदरी में विफ्स कार्यक्रम में खिलाई जाने वाली गोलिया नीली वाली नहीं थी अपितु इसके स्थान पर लाल आयरन की गोलियां उपलब्ध कराई गई हैं| रिपोर्टिंग रजिस्टर तो केंद्र पर था किन्तु रिपोर्टिंग फॉर्मेट नहीं दिए गए| शिक्षकों को किसी भी तरह का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं था| RBSK टीम द्वारा भ्रमण में उन्हें टेबलेट्स खिलाने के बारे में बताया गया था|

प्राइमरी विद्यालय भदरी में IFA small पिंक की जगह IFA large ब्लू वाली पाई गई| और वही गोली बच्चों को खिलाई जा रही थी| रिपोर्टिंग रजिस्टर एवं फॉर्मेट केंद्र पर उपलब्ध थे| RBSK टीम द्वारा भ्रमण में उन्हें टेबलेट्स खिलाने के बारे में बताया गया था|

## किशोर स्वास्थ्य क्लिनिक एवं पीयर एजुकेटर कार्यक्रम : ब्लाक सौरांव:-

क्लिनिक को अलग से उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया गया है| सभी logistic क्लिनिक पर उपलब्ध थे| काउंसलर ओम सिंह द्वारा संतोषजनक कार्य सम्पादित किया जा रहा है| पीयर एजुकेटर का चयन दिशा निर्देशों के अनुसार नहीं किया गया है| जिसे अविलम्ब संशोधित करने के निर्देश दिए गए| RKSK कोऑर्डिनेटर द्वारा 2 सप्ताह में सही चयन कर राज्य पर सूचना भेजने का समय दिया गया|

विफ्स कार्यक्रम की गोलियों की अनियमितता के बारे में प्रभारी चिकित्साधिकारी को अवगत कराया गया| काफी समय दिए जाने के बावजूद सम्बंधित कर्मचारी के न होने की वजह से गोलियों का स्टॉक एवं शिक्षा तथा ICDS को उपलब्ध कराइ गई गोलियों के बैच नंबर एवं वाउचर सत्यापित नहीं किये जा सके| नोडल अधिकारी द्वारा इस विषय में सम्पूर्ण जांच कर त्रुटियों को एक सप्ताह में दूर कर सूचित किये जाने का आश्वासन दिया गया|

## विफ्स कार्यक्रम- ब्लाक कौरिहार :-



दीन दयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति आवासीय कन्या इंटर कॉलेज में विफ्स कार्यक्रम में खिलाई जाने वाली नीली गोलिया उपलब्ध कराई गई हैं| रिपोर्टिंग रजिस्टर एवं रिपोर्टिंग फॉर्मेट केंद्र पर दिए गए हैं जोकि नियमित भरे जा रहे हैं | शिक्षकों को किसी भी तरह का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं था| RBSK टीम द्वारा भ्रमण में उन्हें टेबलेट्स खिलाने के बारे में बताया गया था|

प्राइमरी विद्यालय सरस्वतीपुर में IFA small पिंक के साथ साथ IFA small ब्लू वाली

21/08/17

पाई गई| रिपोर्टिंग रजिस्टर एवं फॉर्मेट केंद्र पर उपलब्ध थे किन्तु प्रेषित दिशा निर्देशों के विपरीत केवल एक रजिस्टर एवं एक फॉर्मेट ही उपलब्ध कराया गया था| शिक्षक का कोई प्रशिक्षण विफ्स के बारे में नहीं हुआ था| RBSK टीम द्वारा भ्रमण में उन्हें टेबलेट्स खिलाने के बारे में बताया गया था| अध्यापकों एवं अन्य स्टाफ के लिए गोलियां उपलब्ध नहीं कराई गई थी|

<u>आंगनवाड़ी केंद्र सरस्वतीपुर ब्लाक कौरिहार :-</u>

आंगनवाडी कार्यकर्ती विफ्स रजिस्टर में IFA सिरप की रिपोर्टिंग कर रही थी| उसके द्वारा नीली गोली स्कूल न जाने वाली किशोरियों को नहीं खिलाई जा रही थी| उसका किसी तरह का प्रशिक्षण विफ्स का नहीं किया गया था|

<u>किशोर स्वास्थ्य क्लिनिक एवं पीयर एजुकेटर कार्यक्रम : ब्लाक कौरिहार :-</u>

क्लिनिक को अलग से उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया गया है| सभी logistic क्लिनिक पर उपलब्ध थे| काउंसलर आशीष द्वारा संतोषजनक कार्य सम्पादित किया जा रहा है| पीयर एजुकेटर का चयन दिशा निर्देशों के अनुसार नहीं किया गया है| जिसे अविलम्ब संशोधित करने के निर्देश दिए गए| RKSK कोऑर्डिनेटर द्वारा 2 सप्ताह में सही चयन कर राज्य पर सूचना भेजने का समय दिया गया|

<u>किशोर स्वास्थ्य क्लिनिक जनपदीय महिला चिकित्सालय :-</u>

क्लिनिक को अलग से उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया गया है| सभी logistic क्लिनिक पर उपलब्ध थे| काउंसलर अंजलि द्वारा आशातीत संतोषजनक एवं प्रशंसनीय कार्य सम्पादित किया जा रहा है| सभी रिकाड्र्स व्यवस्थित तरीके से संरक्षित किये गए थे| AFHS के रजिस्टर पूरे जनपद में कहीं भी प्रिंट नहीं कराये गए हैं|

21/08/17